


# दैनिक कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष: 28, अंक: 144 पृष्ठ 12, रीवा

शुक्रवार 13 फरवरी 2026

मूल्य: 3.00 रुपए




## पीएम मोदी और शाह से मिली सुनेत्रा पवार........शरद गुट के साथ विलीनीकरण का मुद्दा ठड़े बस्ते में



मुंबई, महाराष्ट्र की नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अपने पति और एनसीपी नेता अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद पदभार संभालने वाली सुनेत्रा का यह पहला दिल्ली दौरा है। सुनेत्रा के साथ इस दौरे पर उनके दोनों बेटे, पार्थ और जय, तथा एनसीपी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अजित पवार के निधन पर गहरा दुख जताया और सुनेत्रा पवार को उनके नए उत्तरदायित्व के लिए केंद्र के पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। इन चर्चाओं के विपरीत, एनसीपी (अजित पवार गुट) के नेताओं ने स्पष्ट किया कि शरद पवार गुट के साथ विलीनीकरण का मुद्दा वर्तमान एजेंडे में शामिल नहीं है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का करेंगे उद्घाटन




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करने वाले है। वे शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ में कार्यक्रम को संबोधित भी करने वाले है। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का नामकरण करने वाले है। इसके बाद वे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करने वाले है। यह उद्घाटन भारत के प्रशासनिक शासन संरचना में एक बड़ा बदलाव साबित होगा। यह प्रधानमंत्री के एक मॉडर्न, कुशल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित गवर्नेंस इकोसिस्टम बनाने के वादे को दिखाता है। कई दशकों से कई जरूरी सरकारी ऑफिस और मंत्रालय सेंट्रल विस्टा एरिया में अलग-अलग जगहों पर बने हुए थे और पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर से काम करते थे। इससे ऑपरेशनल खामियां, कोऑर्डिनेशन की चुनौतियां, बढ़ते मेंटेनेंस खर्च और काम न कर पाने लायक स्थिति बनी हुई थी। लेकिन नए बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, मॉडर्न और भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के अंदर प्रशासनिक कार्यों को एक साथ करके इन समस्याओं का समाधान करते हैं। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय बने हुए है, जो पहले अलग-अलग जगहों पर थे। कर्तव्य भवन-1 और 2 में कई मंत्रालय के आफिस है। जिसमें वित्त, रक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, शिक्षा, संस्कृति, कानून, सूचना व प्रसारण, कृषि व किसान कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय शामिल हैं।

ग्रिहा-4 मानदंडों के अनुसार डिजाइन किए गए कॉम्प्लेक्स में रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टम, पानी बचाने के तरीके, वेस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन और हाई-परफॉर्मेंस बिल्डिंग एनवेलप शामिल हैं। ये उपाय पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को काफी कम करते हैं और परिचालन दक्षता को बढ़ाते हैं।

### लोकसभा में पेश हुआ इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड (संशोधन) बिल

नई दिल्ली,लोकसभा की कार्यवाही स्थगन के बाद दोबारा फिर शुरू हुई और सूचीबद्ध कार्य लिए जाने का कार्य किया गया। चेयर पर संध्या राय मौजूद रहीं। लोकसभा में इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड (संशोधन) बिल पेश किया गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लेकर वेल में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया।

अब मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में भी सीट पर मिलेगा भोजन, रेलवे ने शुरु की ई-पैंट्री सेवा

### -यात्री पसंदीदा भोजन टिकट बुकिंग के समय या बाद में ऑनलाइन बुक कर सकते हैं

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे यात्रियों के खान-पान को और बेहतर बनाने के लिए ई-पैंट्री नाम से एक नई ऑनलाइन भोजन बुकिंग सेवा शुरू की है। यह सुविधा 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्री अपनी पसंद का भोजन टिकट बुकिंग के समय या बाद में ऑनलाइन ही बुक कर सकते हैं और ट्रेन में उनकी सीट पर ही भोजन मिल जाएगा।

### असम में मुस्लिम बहुल जिलों में बढ़े वोटर, आदिवासी क्षेत्रों में घटे, 2.43 लाख नाम हटाए गए

गुवाहाटी, असम मे विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समापन के बाद मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इस नई सूची में बड़े पैमाने पर फेरबदल देखने को मिला है, जहां मसौदा सूची की तुलना मे कुल 2.43 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। यह कमी मसौदा सूची के कुल नामों का लगभग 0.97 प्रतिशत है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा साझा किए गए आंकड़ो के अनुसार, असम के 35 जिलों में से 24 जिलों में मतदाताओं की संख्या मे गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 11 जिलों में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

### लोकसभा में हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित, राज्यसभा में भी उठा दलित उत्पीड़न का मुद्दा

नई दिल्ली, संसद के बजट सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लेकर वेल में पहुंच गए और जोरदार नारेबाजी करने लगे। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में आसन पर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी विराजमान थे। कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद विपक्षी सदस्य अपनी मांगों को लेकर वेल में आ गए। लैम्बोर्गिनी कार हादसा- आरोपी शिवम मिश्रा गिरफ्तार, कानपुर पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

## भारत बंद- कहीं बाजार बंद रहे तो कहीं ट्रांसपोर्ट व्यवस्था लड़खड़ाई, कहीं-कहीं मामूली झड़प हुई




नई दिल्लीकेंद्रीय श्रमिक संगठनों ने विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान करते हुए भारत बंद का ऐलान किया है। इसका असर आज देश के कई राज्यों में दिखाई दिया है। जरुरी सेवाओं को छोड़कर, राज्यों में दुकानें, बाजार और ट्रांसपोर्टेशन की सुविधाएं बाधित हुई हैं। कहीं कहीं मामूली झड़पें होने की भी खबरें हैं। इसका प्रभाव मध्य प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। प्रदेश में सरकारी और निजी बैंक, बीएसएनएल, बीमा तथा डाक विभाग सहित कई केंद्रीय कार्यालयों की सेवाओं पर भी असर हुआ है। हालांकि रेलवे सेवाएं सामान्य है। आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा सहित बैंक, बीमा, केंद्रीय कर्मचारी और बीएसएनएल से जुड़े संगठनों ने हड़ताल को समर्थन दिया है। इस भारत बंद का असर सर्वाधिक गैर भाजपा शासित राज्यों में देखा गया है जबकि भाजपा शासित राज्यों में मिलाजुला असर रहा है।

पंजाब- परिवहन सेवा ठप

हड़ताल का केंद्र होने के कारण पंजाब में सरकारी परिवहन सेवा पूरी तरह ठप है। फरीदकोट, लुधियाना, पटियाला और अमृतसर जैसे प्रमुख शहरों में बस अड्डों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। निजीकरण के विरोध में और मुख्यमंत्री आवास के घेराव की चेतावनी के बीच पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यात्रियों को निजी वाहनों और टैक्सियों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

पंजाब से सटे हरियाणा और राजस्थान के इलाकों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। पंजाब रोडवेज की बसें सीमा पार नहीं कर रही हैं, जिससे दिल्ली-अमृतसर और दिल्ली-बठिंडा रूट प्रभावित हुए हैं। हरियाणा रोडवेज ने सावधानी बरतते हुए कुछ संवेदनशील रूटों पर अपनी सेवाओं को सीमित कर दिया है।

दिल्ली और एनसीआर- बॉर्डर पर सुरक्षा सख्त

दिल्ली के गाजीपुर और सिंघु बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। चूंकि प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने की योजना बना रहे हैं, इसलिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यातायात की गति धीमी हो गई है। दिल्ली आने-जाने वाली सरकारी अंतरराज्यीय बसों की संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है।

## लोस में हंगामा- राहुल गांधी ने बोला तीखा हमला, भारत माता को बेचने का लगाया आरोप



नई दिल्ली संसद के बजट सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में उस समय भारी हंगामा देखने को मिला, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के जरिए सरकार ने डेढ़ अरब भारतीयों के भविष्य को बंधक रख दिया है।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह समझौता भारत की ऊर्जा सुरक्षा, किसानों के हितों और कपड़ा क्षेत्र के लिए अमेरिका के समक्ष पूरी तरह से समर्पण है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, आप सदन में इस करार का बचाव कैसे कर सकते हैं? क्या आपको शर्म नहीं आती? आपने भारत को बेच दिया है, आपने हमारी माँ भारत माता को बेच दिया है।

कांग्रेस नेता ने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सोयाबीन, कपास, मक्का और लाल ज्वार उगाने वाले भारतीय किसानों को विशाल अमेरिकी मशीनीकृत खेतों की दया पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार सौदे के बाद भारत का कपड़ा उद्योग पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। राहुल गांधी ने केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं को भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देश का महत्वपूर्ण डेटा अमेरिका को सौंप दिया है। उन्होंने सवाल किया कि कोई भी प्रधानमंत्री ऐसे समझौते के लिए तब तक तैयार नहीं हो सकता, जब तक कि उन पर कोई भारी दबाव न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि एक खास राजनीतिक वित्तीय ढांचे और विदेशी कानूनी मामलों से बचने के लिए देश के हितों की बलि दी गई है।अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने एपस्टीन मामले का जिक्र करते हुए दावा किया कि तीस लाख फाइलें अब भी बंद हैं। उन्होंने कुछ उद्योगपतियों का नाम लेते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर भी निशाना साधा। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष और आसन पर बैठे जगदंबिका पाल ने उन्हें उन लोगों के नाम लेने से रोका जो सदन के सदस्य नहीं हैं।

## केंद्र सरकार सोनम वांगचुक के बयानों की गलत व्याख्या कर रही है- सुप्रीम कोर्ट



### -कुछ लोग गांधीवादी शातिपूर्ण तरीके छोड़ रहे हैं, हमें पूरा वाक्य देखना होगा

नई दिल्ली,। सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख के पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की हिरासत को लेकर केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार वांगचुक के बयानों का बहुत ज्यादा मतलब निकाल रही है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि वांगचुक ने चेतावनी दी थी कि लद्दाख में नेपाल जैसी हिंसक अशांति हो सकती है और युवा अब शांतिपूर्ण तरीकों की प्रभावशीलता पर संदेह कर रहे हैं।

इस पर पीठ ने वांगचुक के भाषण का संदर्भ देते हुए कहा कि वांगचुक इसके बजाय शांतिपूर्ण तरीके छोड़ने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त कर रहे थे। पीठ ने कहा कि वह चिंतित हैं। हमें पूरा वाक्य देखना होगा। कुछ लोग गांधीवादी शांतिपूर्ण तरीके छोड़ रहे हैं। यह चिंताजनक है...ध्यान अहिंसक तरीके से भटकाव पर है, यह चिंताजनक है। केंद्र के वकील ने दावा किया कि वांगचुक ने अपने भाषण में हाइब्रिड अभिव्यक्ति का इस्तेमाल किया था। इस पर कोर्ट ने तुरंत टिप्पणी की कि केंद्र सरकार उनके बयानों की गलत व्याख्या कर रही है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राज्यसभा में उठाया जातिगत भेदभाव का मुद्दा, बोले- सामाजिक न्याय संविधान की आत्मा

### -ओडिशा के आंगनवाड़ी केंद्र में भेदभाव के साथ ही मध्यप्रदेश, गुजरात और पंजाब से संबंधित मामलों का भी किया जिक्र



नई दिल्ली, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में जातिगत भेदभाव का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों के उत्थान की बातें अक्सर की जाती है, लेकिन अब समय आ गया है कि इन्हें जमीन पर उतारने की ठोस पहल हो। सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा है और इसकी रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने ओडिशा की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इक्कीसवीं सदी में जब हम सामाजिक विकास और एकता की बात करते हैं, तब ऐसी घटनाएं हमें आईना दिखाती हैं। उन्होंने बताया कि ओडिशा के एक आंगनवाड़ी केंद्र में पिछले तीन महीनों से बहिष्कार चल रहा है, क्योंकि वहां भोजन एक दलित महिला हेल्पर और कुक द्वारा तैयार किया जा रहा है। समुदाय विशेष के कुछ लोग अपने बच्चों को वह भोजन देने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक महिला का अपमान नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक चेतना की परीक्षा है।उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की बुनियाद होते है। यदि वहां जातिगत पूर्वाग्रह को बढ़ावा मिलेगा, तो इसका असर बच्चों के मन और भविष्य पर पड़ेगा। छोटे बच्चों के सामने इस तरह का भेदभाव उनके भीतर विभाजन और नफरत के बीज बो सकता है। उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद 21(क) के तहत शिक्षा के अधिकार और अनुच्छेद 47 के तहत राज्य की पोषण संबंधी जिम्मेदारी की भावना के खिलाफ बताया।खड़गे ने कहा कि इस घटना को केवल एक सामाजिक विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इसे कार्यस्थलों पर व्यापक जाति-आधारित भेदभाव के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने मध्य प्रदेश में एक आदिवासी मजदूर के साथ हुई अमानवीय घटना, गुजरात में एक दलित सरकारी कर्मचारी की कथित उत्पीड़न के बाद आत्महत्या और चंडीगढ़ में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मृत्यु के बाद सामने आए संस्थागत भेदभाव के आरोपों का उल्लेख किया।

## पुणे में बंगाल के मजदूर की पीट-पीटकर हत्या, सीएम ममता हुईं दुखी व आक्रोशित

### बोलीं- एक युवक को उसकी भाषा, पहचान और जड़ों की वजह से निशाना बनाया



कोलकाता, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पुणे में हुई बंगाल के मजदूर की हत्या की निंदा की। उन्होंने इस घटना को हेट क्राइम बताते हुए कहा कि किसी राज्य में बाहरी लोगों के प्रति नफरत को हथियार और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। सीएम ममता ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर घटना का वीडियो पोस्ट करते हुए गहरा दुख और आक्रोश जताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा- मैं शब्दों से परे विचलित हो गई हूं, क्रोधित हूं और आहत हूं। पुरुलिया के बंडवान का 24 साल का प्रवासी मजदूर सुखेन महतो, जो अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था, उसकी पुणे, महाराष्ट्र में बर्बर हत्या कर दी गई।

## क्या अहमदाबाद में एअर इंडिया फ़्लाइट क्रैश हादसा............. जानबूझकर की गई हरकत का नतीजा



### -विदेशी अखबार की रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली (ईएमएस)। अहमदाबाद में एअर इंडिया फ़्लाइट क्रैश की जांच कर रहे जांचकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे है कि हादसा किसी तकनीकी खराबी की वजह से नहीं हुआ था, बल्कि यह एक जानबूझकर की गई हरकत का नतीजा था। एक विदेशी अखबार ने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई ताज़ा बातचीत से वाकिफ़ दो सोर्स का हवाला देकर रिपोर्ट दी है। हालांकि, डीजीसीए की अधिकारिक रिपोर्ट जारी होने से पहले कुछ भी नतीजा निकालना जल्दबाज़ी होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन जांचकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि 12 जून, 2025 को इंजन में फ्यूल कट-ऑफ के बाद हुआ क्रैश किसी मैकेनिकल खराबी की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई गतिविधि की वजह से हुआ था। जांचकर्ता अधिकारी अब अपनी फ़ाइनल रिपोर्ट का ड्राफ़्ट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। विदेशी अखबार के मुताबिक जांच में मदद कर रहे अमेरिकी विशेषज्ञ ने इन नतीजों को एक बड़ी कामयाबी बताया है।

एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ा और कुछ सेकंड बाद ही क्रैश हो गया था। हादसे में कुल 260 लोग मारे गए, जिसमें पैसेंजर और मेडिकल छात्र के हॉस्टल के अंदर मौजूद लोग शामिल थे, जिस पर एयरक्राफ्ट गिरा था। इस हादसे में सिर्फ एक पैसेंजर की जान बची थी। जुलाई 2025 में भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की तरफ से जारी शुरुआती रिपोर्ट में एक पायलट के फ्यूल कंट्रोल बंद करने के बारे में आखिरी कॉकपिट बातचीत का जिक्र किया था। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में, एक पायलट को यह पूछते हुए सुना गया, च्तुमने (फ्यूल) क्यों बंद किया?ज्ज् दूसरे ने जवाब दिया, च्मैंने ऐसा नहीं किया।

विदेशी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जांच करने वालों का अब मानना ??है कि पायलटों में से एक ने इंजन फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद किया था, इससे एयरक्राफ्ट की पावर चली गई और वह ज़मीन पर गिर गया। कैप्टन सुमीत सभरवाल पायलट-इन-कमांड थे, जबकि फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। नई रिपोर्ट में लिखा गया, च्जिम्मेदारी अभी साफ नहीं है। मुख्य संदिग्ध कैप्टन सभरवाल हैं, जिनके बारे में हादसे के बाद यह बात सामने आई कि वे डिप्रेशन से पीड़ित थे।

## लोकसभा में हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित, राज्यसभा में भी उठा दलित उत्पीड़न का मुद्दा



नई दिल्ली,संसद के बजट सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लेकर वेल में पहुंच गए और जोरदार नारेबाजी करने लगे। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

लोकसभा में आसन पर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी विराजमान थे। कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद विपक्षी सदस्य अपनी मांगों को लेकर वेल में आ गए। स्पीकर द्वारा बार-बार शांत रहने की अपील के बावजूद विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी जारी रखी। हंगामे के चलते करीब सात मिनट के बाद ही स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



## 14 फरवरी से 16 फरवरी तक कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि विज्ञान मेले का होगा आयोजन

सिंगरौली . उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला अन्तर्गत 14 से 16 फरवरी तक कृषि विज्ञान मेले का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा में किया जायेगा। उन्होने बताया कि मेले किसानों को खेती से जुड़ी नवीन तकनीकी की जानकारी से अवगत कराया जायेगा। साथ ही साथ प्रदर्शनी स्टाल भी विभिन्न विभागों एवं संस्थानों द्वारा लगाया जायेगा।

## ज्योतिषाचार्य राधाकांत पाण्डेय ने कराया भक्तों को कथा का श्रवण

सीधी। जिले के ग्राम पंचायत अमरपुर चुरहट में लालमणि त्रिपाठी के निवास पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 6 फरवरी से 12 फरवरी तक किया गया। नंदनंदन पाण्डेय महराज के आशीर्वाद से उनके पुत्र प्रशिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं युवा कथावाचक राधाकांत पाण्डेय श्रीराधा कृपा संस्थान रीवा के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान भक्तों को कराया गया। सप्तदिवसीय कथा के यजमान लालमणि त्रिपाठी एवं उनके परिवार जनों ने भावविभोर होकर कथा का रसास्वादन किया।

## मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह आज सतना प्रवास पर आयेंगे

सतना मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह 13 फरवरी को सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री कुशवाह प्रातः 9 बजे मानिकपुर से कार द्वारा धारकुण्डी के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 9.30 बजे धारकुण्डी आश्रम पहुंचकर पूजन एवं दर्शन करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री कुशवाह प्रातः 10 बजे सतना के लिए प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण एवं एमपी एग्रो विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## जनगणना 2027 के लिए तकनीकी सहायक एवं एम.टी.एस. कर्मियों की नियुक्ति के निर्देश

सतना भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन हेतु जिला, नगर निगम एवं चार्ज स्तर पर तकनीकी सहायक तथा मल्टी टास्किंग स्टाफ(एम.टी.एस.) की नियुक्ति किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। यह कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सम्पन्न किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सतना विकास सिंह द्वारा जिला स्तर पर 2 तकनीकी सहायक के लिए प्रतिमाह 25 हजार रूपये एवं 1 एम.टी.एस. कर्मचारी के लिए प्रतिमाह 18 हजार रूपये की नियुक्ति की जाएगी।

## हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा आज से

सतना माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# नवोदय विद्यालय चुरहट में फुटबॉल फॉर स्कूल, विद्यार्थियों को मिला खेल प्रोत्साहन

### शिक्षा के साथ खेल जरूरी, सर्वांगीण विकास का आधार - विधायक रीती पाठक



सीधी पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में +फुटबॉल फॉर स्कूल+ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सीधी जिले के चयनित 140 विद्यालयों को मुख्य अतिथि विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के करकमलों से फुटबॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया तथा अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने कहा कि +फुटबॉल फॉर स्कूल+ जैसे कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देते, बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेलों में भाग लेने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पढ़ाई और खेल दोनों में संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। श्रीमती पाठक ने नवोदय विद्यालय परिवार एवं जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है, जिससे प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से सक्षम और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण नागरिक बन सकें। अंत में उन्होंने शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार तथा नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर राजेश लखानी , विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, उप आयुक्त आर.के. वर्मा, सहायक आयुक्त डी.के. सिंह, सहायक आयुक्त श्रीमती दीक्षा ज्योति मिश्रा एवं सहायक आयुक्त डॉ. जरीना कुरैशी तथा प्राचार्य डॉ. डी.के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# जिला अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में भीषण आग धू.धू कर जली गाड़ी



सीधी। जिला अस्पताल परिसर में बुधवार की रात उस समय हड़?प मच गया जब अस्पताल में खड़ी एक एंबुलेंस में अचानक भीषण आग लग गई। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने से पहले एक तेज धमाके की आवाज सुनाई दीए जिसके बाद एंबुलेंस देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और गाड़ी धू.धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल की टीम जिला अस्पताल पहुंचीए लेकिन तब तक एंबुलेंस लगभग पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए जिससे आसपास खड़े अन्य वाहनों और अस्पताल परिसर को संभावित नुकसान से बचाया जा सका। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा.तफरी का माहौल बन गया। मरीजों के परिजन और अस्पताल स्टाफआग की लपटों और धुएं को देख चिंतित नजर आए। हालांकिए राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शी श्रीराम पनिका ने बताया कि अचानक एक जोरदार धमाका हुआ और एंबुलेंस में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आग कैसे लगीए इसका कारण समझ नहीं आया लेकिन घटना की सूचना नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारियों को तुरंत दे दी गई। वहीं अस्पताल चौक के प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण अज्ञात है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी गई है और फायर ब्रिगेड की टीम ने समय पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

## महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष का मैहर आगमन कल



मैहर। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया अपने संगठनात्मक दौरे के तहत 14 फरवरी को मैहर पहुंच रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिम्मेदारी मिलने के बाद रीना बौरासी सेतिया का यह दौरा महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और आगामी रणनीतियों को धार देने के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष सुबह 9 बजे सतना से कार द्वारा मैहर के लिए प्रस्थान करेंगी। सुबह 10 बजे मैहर आगमन होगा और मां शारदादेवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगी। दर्शन के उपरांत जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार होगी। और दोपहर 2 बजे मैहर से कटनी के लिए प्रस्थान।

## भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष का माई की रसोई में स्वागत



मैहर। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर एवं साथ में सतना जिले के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी ने बुधवार को माई शारदा के दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। दर्शन पश्चात युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सतना जिले के जिला अध्यक्ष ने माई की रसोई के द्वार निरंतर 7 सालों से चल रहे माई के महाभोग खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था देखने को मिला। इसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सतना जिले के जिला अध्यक्ष ने पूरी युवा मोर्चा टीम के साथ माई की रसोई पहुँच कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 17 फरवरी को सरई में



सिंगरौली जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मण्प्रण् शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार स्व.रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला जिला प्रशासन रोजगार कार्यालयए सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के द्वारा संयुक्त रूप से 17 फरवरी को सुबह 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाए सरईए सिंगरौलीए में आयोजित किया जा रहा है।रोजगार मेले में भाग ले रही महान इनर्जन लिण् ;अदानी पॉवर लिण्द्धए बंधौराए सिंगरौलीएजेण् पीण् अमिलिया कोल माइंसए अमिलियाएएपीएमडीसीए एसेल माइनिंगए हिन्डाल्को इन्डस्ट्रीज एएसण्आईण्एस सिक्योरिटीए अदानी स्किल डेव्लपमेंट सेंटरए एविजन इंडियाएएलण्आईण्सीए एवं अन्य कम्पनियों में बेरोजगार युवाए युवतिया रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। रोजगार में भाग लेने वाले अभ्यार्थियो की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 एवं शैक्षणिक योग्यता योग्यता 05वीं से 12वींए आईण् टीण् आईए डिप्लोमाए पॉलिटेक्निकए बीण् टेकए ग्रेजुएशनए पोस्ट ग्रेजुएशनए फ्रीडम इम्प्लाईबिलिटी एकेडमी एवं अन्य चयनित अभ्यर्थियो को कम्पनी के नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थी रोजगार मेले में बायोडाटाए शैक्षणिक योग्यता प्राप्त प्रमाण पत्र व फेटोकॉपीए दो पासपोर्ट साइज फेटोए समग्र आई डीए आधार कार्डए जीवित रोजगार पंजीयन के साथ भाग ले सकते है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर





सीधी। जिले के कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बढ़ौना में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर अफरा.तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसारमपिकअप वाहन क्रमांक डच् 53 ळा 3326 ने स्कूटी क्रमांक डच् 53 डश्र 3674 को जोरदार टक्कर मारी। हादसा बुधवार दोपहर लगभग 2रू00 बजे का बताया जा रहा है। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान कुश द्विवेदी 28 वर्ष पिता रामकुमार द्विवेदीए निवासी बढ़ौना के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रीवा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कमर्जी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।

# जादू टोना के शक मे दो बुजुर्ग की नरबली

### बीच बचाव करने वाले महिला .पुरुष गंभीर



सिंगरौली देवसर कीर्ति प्रभा जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर जियावान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरवा के ग्राम लोहरा के बैरिहवा टोला मे आज तड़के जादू टोना के शक मे दो अधेड़ बुजुर्ग महिला .पुरुष की नरबली देने की सनसनी घटना से क्षेत्र मे सनसनी ?ल गयी है। पुलिस ने हत्यारोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है।

उक्ताशय की जानकारी मे सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि ग्राम लोहरा के बैरिहवा टोला मे मृतक फुल कुमारी सिंह गोंड उम्र 50 वर्ष व कैमळ नारायण सिंह उम्र 65 वर्ष दोनों निवासी बैरिहवा टोला को आरोपी छत्रपति सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी बैरिहवा के द्वारा अपने घर बुलाकर जादू टोना व अंधविश्वास के शक मे धारदार हथियार से निर्मम हत्या की घटना को अंजाम दे दिया गया। हत्या के दौरान बीच बचाव कर रहे सुमित्रा सिंह 38 वर्ष व राम भजन सिंह 35 निवासी लोहरा के ऊपर भी हमला कर उन्हें भी गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जिन्हे उपचारार्थ चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है।एस पी श्री खत्री के अनुसार गुरुवार की प्रातः 4.5 बजे आरोपी ने सम्भवतः सुनियोजित तरीके से मृतक बुजुर्गो को अपने घर बुलाया ए जहाँ आरोपी के घर के बाहर के आंगन मे बने चबूतरे के पास हत्या की घटना को अंजाम दिया है। घटना स्थल के पास पूजा पाठ की सामग्री उपलब्ध होने से अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस जघन्य हत्याकाण्ड का कारण जादू टोना व अंधविश्वास हो सकता है।

# वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को

सीधी कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों, विशेष रूप से सामुदायिक वन अधिकार एवं धारा 3(1) अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता विषयक दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह प्रशिक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन से जुड़े उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समितियों के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों के लिए आयोजित किया जाएगा।जारी आदेशानुसार प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में आयोजित होगा। प्रशिक्षण में श्री कमल किशोर आर्मो, श्री सार्थक त्यागी, श्री सत्यशोभन दास एवं श्री लखन मरावी मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण देंगे।प्रथम दिवस (19 फरवरी) के प्रशिक्षण में विभिन्न उपखण्डों के प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल होंगे।

द्वितीय दिवस (20 फरवरी) के प्रशिक्षण में श्री प्रदीप कुमार सिंह, श्री संतोष सिंह गोंड, श्रीमती देवव्रत सिंह (जनपद सदस्य सीधी), श्रीमती माया कोल, श्री केमलभान सिंह, श्री हीरा कुमार सिंह (जनपद सदस्य रामपुर नैकिन), श्री शिवभान सिंह, श्रीमती रानू सिंह, श्री दीपक कोल (जनपद सदस्य मझौली), श्रीमती वंदना सिंह, श्री मुन्ना कोल, श्री सम्पूर्ण सिंह (जनपद सदस्य सिहावल), श्री अतिबल सिंह, श्री भानू प्रताप सिंह एवं श्रीमत्ती सावित्री पनिका (जनपद सदस्य कुसमी) सहित अन्य अशासकीय सदस्य शामिल होंगे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सीधी। जिले के बुढ़ौना में अल्ट्राटेक सीमेंट के सीएसआर विभाग द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।यह शिविर बीपी सम्राट मानव संसाधन विभाग प्रमुख अभिषेक शर्मा एवं प्रशासनिक विभाग प्रमुख दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सीएसआर टीम की सक्रिय भूमिका रही। रेड क्रॉस सोसायटी एवं संजय गांधी अस्पताल रीवा के चिकित्सकों द्वारा कुल 121 मरीजों की जांच की गई। मरीजों को निरूशुल्क दवाइयां एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का एनएसयूआई ने किया विरोध



सीधी। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 10 फरवरी 2026 को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा युवा संवाद बजट 2026 के नाम पर राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गर्ल्स कॉलेज जैसे संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान में इस प्रकार का राजनीतिक आयोजन छात्राओं की सुरक्षा अनुशासन एवं महाविद्यालय की गरिमा के खिलाफहै। इस कार्यक्रम में सीधी विधायक श्रीमती रीति पाठकए भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान एवं बीजेवायएम अध्यक्ष निशांत मिश्रा की उपस्थिति रहीए जिससे यह स्पष्ट है कि यह पूर्णतरू राजनीतिक कार्यक्रम था।

आज एनएसयूआई द्वारा प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में जब प्राचार्य ओम प्रकाश नामदेव से कार्यक्रम की अनुमति को लेकर चर्चा की गईए तो उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि इस कार्यक्रम हेतु कोई लिखित अनुमति जारी नहीं की गई थी। इसके बावजूद कॉलेज परिसर में राजनीतिक मंच सजना एवं प्राचार्य का मंच पर उपस्थित रहना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही एवं नियमों के उल्लंघन को दर्शाता है। यह मामला और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि कल ही महाविद्यालय के मुख्य गेट के पास अवैध ठेले के आसपास चाकूबाजी जैसी घटना सामने आई है। ऐसे असुरक्षित वातावरण में बिना सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं बिना अनुमति राजनीतिक भीड़ जुटाकर कार्यक्रम कराना छात्राओं की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ है। एनएसयूआई मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाएए दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा प्राचार्य नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। साथ ही कॉलेज गेट के पास लगे अवैध ठेलोंध्अतिक्रमण को हटाकर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री संगठन महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी सीधी एवं विधायक प्रतिनिधि चुरहट की गरिमामय उपस्थिति रही। एनएसयूआई प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन द्वारा आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# तालाब में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत



सीधी। जिले के मड़वास थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। परिवार में पहले से पसरे दुख के माहौल के बीच यह हादसा और भी दर्दनाक बन गया। पुलिस चौकी पथरौला अंतर्गत ग्राम सिलवार में फूलमती देवी मंदिर के पास बने तालाब में नहाने गए 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को युवक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार मृतक तेजभान साहू उर्फ संजू 22 पिता देवराज साहूए अपनी चाची के निधन के बाद अस्थि.विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित तालाब पहुंचा था। ग्रामीणों ने बताया कि चाची की मृत्यु चार दिन पहले हुई थी और तीसरे दिन की रस्म के तहत अस्थियां उठाने करीब 100 से अधिक लोग एकत्रित हुए थे। कार्यक्रम के दौरान तेजभान अन्य परिजनों के साथ तालाब में स्नान करने उतराए तभी अचानक वह गहरे पानी की ओर चला गया। मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया। कई लोग तालाब में कूदेए लेकिन तेजभान का कोई सुराग नहीं लग सका। स्थिति गंभीर होते देख परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेने के बाद एसडीईआरएफ डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स की टीम को बुलाया गया। एसडीईआरएफकी टीम ने कड़ी मशक्कत और करीब तीन घंटे की सर्चिंग के बाद देर शाम युवक का शव तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने स्थल पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मड़वास भेजा। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया संपन्न हुई।

## वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 30 रन से हराया

मुंबई। वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को ग्रुप सी के मैच में 30 रन से हराया। बुधवार को मुंबई के वानखे? स्टेडियम में 197 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 18.5 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई।

सैम करन ने नाबाद 43 रन बनाए। जैकब बेथेल ने 33 रन और फिल सॉल्ट ने 30 रन बनाए। गुडकेश मोती ने 3 विकेट झटके। दो विकेट रोस्टन चेज को मिला। अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट लिए।

## रणजी ट्रॉफी के लिए विजयकुमार की कर्नाटक टीम में वापसी

बेंगलुरु। कर्नाटक ने तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार को उत्तराखंड के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सेमीफाइनल मुकाबला 15 फरवरी से लखनऊ में खेला जाएगा। वैसाख चोटिल होने के कारण पिछले दो दौर से टीम के साथ नहीं थी। अब जबकि वह फिट हो गये हैं। टीम ने राहत की सांस ली है। उनके आने से टीम की गेंदबाजी बेहतर होगी। अब विजयकुमार को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिल गयी है। उन्हें तेज गेंदबाज एम वेंकटेश की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम में अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं।

## न्यूजीलैंड के फिन एलन सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने टी20 विश्व कप में यूएई के खिलाफ मुकाबले में अपनी 84 रनों की पारी के दौरान सबसे तेजी से 5000 रन पूरे करने का रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही उन्होंने भारत के अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 5000 रनों का रिकार्ड तोड़ दिया। इस मैच में कीवी टीम ने बिना कोई विकेट गंवाये ही 173 रन बनाकर मुकाबला जीता। एलन के सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट ने नाबाद 89 रन बनाये।

एलन ने केवल 2854 गेंदों में ही अपने 5000 रन पूरे किए हैं। वहीं अभिषेक ने 2898 गेंदों में ये आंकड़ा हासिल किया था।

## इंग्लैंड के स्पिनर आदिल ने रऊफ के सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड तोड़ा

मुम्बई । इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो विकेट लेने के साथ ही पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का किसी टेस्ट खेलने वाली टीम के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड तोड़ दिया। अब आदिल किसी भी टेस्ट खेलने वाली टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

# टी20 :आज जिम्बाब्वे पर आसान जीत के इरादे से उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

### सुबह 11 बजे शुरू होगा मैच



कोलंबो। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम शुक्रवार को टी20 विश्वकप के ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे पर जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान मिचेल मार्श के खेलने की भी संभावना है। मार्श इसके पहले आयरलैंड के खिलाफ मैच में फिट नहीं होने के कारण शामिल नहीं किये गये थे। मार्श के कवर के रूप में स्टीव स्मिथ को भी ऑस्ट्रेलिया ने शामिल किया है जिससे किसी परेशानी की स्थिति में उन्हें शामिल किया जा सके। टीम को आयरलैंड के खिलाफ मैच में आसानी से जीत मिल गयी थी पर जिम्बाब्वे का मामला अलग है। ऑस्ट्रेलिया ने के किसी भी बल्लेबाज ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक नहीं लगाया था और इस मैच में उसे बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। वहीं तेज गेंदबाज नाथन एलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा ने इस मैच में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए आठ विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ आसान जीत दर्ज करना करना चाहेगी। इस मैच में उसके सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल का प्रयास अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। इसका कारण है कि जिम्बाब्वे के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं जो उलटफेर का प्रयास करेंगे। जिम्बाब्वे ने पिछले मैच में ओमान को आसानी से हराया था। उसके पास ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जैसे तेज गेंदबाज हैं जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं। इसके अलावा सिकंदर रजा की ऑफ और लेग ब्रेक गेंदबाजी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को हैरान कर सकती है। उसके पास डियोन मायर्स और ब्रेंडन टेलर जैसे खिलाड़ी हैं। टेलर को पिछले मैच में चोट लग गयी थी। ऐसे में अगर वह नहीं खेल पाते तो स्पिनर रयान बर्ल को टीम में शामिल किया जा सकता है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं =

ऑस्ट्रेलिया- मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, टिम डेविड, बेन ड्वार्शियस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम ज़म्पा, स्टीव स्मिथ (मिचेल मार्श के कवर के तौर पर)।

# भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर हमपर कोई दबाव नहीं : फरहान



कोलंबो। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा है कि 15 फरवरी को भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले के लिए उनकी टीम तैयार है। फरहान ने कहा है कि इस महामुकाबले को लेकर उनकी टीम पर कोई दबाव नहीं है। पाक ने अपनी ग्रुप स्तर के शुरुआती मुकाबलों में नीदरलैंड और अमेरिका को हराया है। इसमें फरहान ने काफी अच्छी बल्लेबाजी भी की है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

इसी को देखते हुए फरहान ने कहा कि दबाव भारतीय टीम पर अधिक होगा। इस बल्लेबाज ने कहा, जब आप दो लगातार मैच जीतते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। आने वाला मैच कोई बड़ी बात नहीं है, हम भारतीय टीम के खिलाफ पहली बार नहीं खेल रहे हैं। पहले भी खेल चुके हैं। इस बार उनके खिलाफ हम अलग प्रकार की रणनीति के साथ खेलेंगे। उन्होंने कहा, आपने हमें पहले कठिन हालातों में और संघर्ष करते हुए देखा है पर अब जबकि शादाब और नवाज रन बना रहे हैं। इसलिए उम्मीद है कि ये मुकाबला रोमांचक होगा और इसका सभी को आनंद आएगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ साल में हुए कई मैच एकतरफा रहे हैं और भारत ने आसानी से जीत हासिल की है। इसको लेकर फरहान ने कहा कि मुझे लगता है कि एशिया कप के दौरान हमारा मैच एकतरफा नहीं था। हम अंत तक खेले और लड़े। उम्मीद है कि इस बार हम और बेहतर खेल दिखाएंगे। फरहान ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप रन बनाते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। पिछली दो पारियों के बाद मेरा मनोबल भी बढ़ा है। भारत के खिलाफ मैच को हम एक आम मैच की तरह लेंगे और इसमें शांत दिमाग के साथ उतरेंगे।फरहान ने नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में 47 रन जबकि अमेरिका के खिलाफ 73 रन बनाये थे।

# पाकिस्तान के स्पिनर तारिक के एक्शन पर उठे सवाल, बचाव में उतरे अश्विन



नई दिल्ली। पाकिस्तान के नये स्पिनर उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। तारिक की गेंदबाजी पर ये सवाल अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्वक मैच के बाद उठाये गये है। ये पहला अवसर नहीं है जब इस गेंदबाज के एक्शन पर सवाल उठे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने भी इस पाक गेंदबाज के एक्शन को अवैध बताया था। तारिक ने अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में तीन अहम विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनका अजीब सा एक्शन समझना अमेरिकी बल्लेबाजों के लिए संभव नहीं हुआ। इसी को लेकर भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे श्रीवत्स गोस्वामी ने भी सवाल उठाये हैं। गोस्वामी ने कहा कि गेंद फेंकने से पहले जिस प्रकार से तारिक रुकते हैं। वह सही नहीं है। उनका गेंदबाजी एक्शन नियमों के अनुरुप नहीं है। वहीं हैरान की बात है कि पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने तारिक का समर्थन करते हुए कहा गेंदबाजी के दौरान रुकने से एक्शन अवैध नहीं होता। अश्विन ने कहा, ÷जब बल्लेबाज बिना अंपायर या गेंदबाज को बताए स्विच हिट या रिवर्स शॉट खेल सकता है, तो गेंदबाज पर ही इतनी रोक क्यों लगायी गयी हैं? गेंदबाज को बिना अंपायर को बताए अपना हाथ भी बदलने की अनुमति नहीं है। इसलिए पहले इस नियम को बदलना चाहिए।÷

# टी20 विश्व कप : श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से हराया

### शनाका, रथनायके और मेंडिस ने लगाये अर्धशतक



पल्लीकल। श्रीलंका ने ईसीसी टी20 विश्व कप के 16वें मैच में ओमान को 105 रनों से हरा दिया। इस मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुसल मेंडिस 61, पवन रथनायके 60 रन और दसुन शनाका के 50 रनों की सहायता से 5 विकेट पर 225 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना पायी। ओमाम की ओर से केवल मोहम्मद नदीम ही श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने टिक पाये। नदीम ने अर्धशतकीय पारी खेली पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे। इस मैच का आकर्षक शनाका की पारी रही। शनाका ने केवल19 गेंदों में टी20 विश्व कप 2026 का सबसे तेज अर्धशतक लगाया, ये श्रीलंका की ओ से टी20 क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक है

वहीं इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर श्रीलंका को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। श्रीलंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 रन पर पहला विकेट गिर गया था। इसके बाद 42 रन पर दूसरा विकेट श्रीलंका ने खो दिया था। तीसरे और फिर चौथे विकेट के लिए बड़ी-बड़ी साझेदारियां हुईं, जिससे श्रीलंका की टीम 225 रनों का अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। कुसल ने 45 गेंदों पर 7 चौके के साथ ही 61 रन बनाए। वहीं रथनायके ने 28 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन जबकि शनाका ने 20 गेंदों पर 2 चौके और 5 छक्के लगाकर 50 रन बनाए। ओमान की तरफ से जितेन रामानंदी ने 2 विकेट लिए।

### आईसीसी ने नबी पर जुर्माना लगाया

अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज मोहम्मद नबी पर आचार संहित उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया है। नबी पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मैच में आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। जुर्माने के अलावा नबी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीने में उनकी यह पहली गलती थी।

यह मामला अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर का है जब नबी की अंपायरों के साथ गेंदबाज लुंगी एनगिडी के कलाई बैंड को लेकर बहस हो गयी। नबी ने अपनी गलती मान ली है और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड गिल्चर्ट की सजा को भी स्वीकार कर लिया है। ऐसे में आईसीसी की ओर से किसी औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं लगी है। ।

# भारतीय बल्ले विश्वस्तरीय, उनको लेकर मेरे बयान को गलत समझा गया = राजपक्षा



कोलंबो। श्रीलंकाई बल्लेबाज भानुका राजपक्षा ने भारतीय खिलाड़ियों के बल्ले को लेकर दिये गये अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा है कि उनकी बात का गलत अर्थ निकाला गया है। वह तो भारतीय क्रिकेट और उनके खेल से जुड़े साजो सामान की की प्रशंसा ही कर रहे थे। इससे पहले राजपक्षा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के बैट इसने अच्छे दिखते है जैसे की ये मोडिफाइड हों। ऐसा लगता है उनपर रबड़ की एक परत लगी हुई है और सबसे खास बात ये है कि कोई अन्य इन बल्लों को नहीं खरीद सकता है।

श्रीलंकाई क्रिकेटर की इस टिप्पणी को बैट-टैंपरिंग के रूप में लिय गया। ये भी कहा गय कि वह भारतीय बल्लेबाजों के बल्लों पर सवाल उठाल रहे हैं। उनपर मानकों से हटकर अगल बल्ला इस्तेमाल करने का आरोप लगा रहे हैं। इसी विवाद को लेकर अब राजपक्षा ने कहा है कि उनकी बात को गलत समझा गया है। राजपक्षा ने कहा था, 'हम जो सबसे अच्छे बल्ले पा सकते हैं, उससे भी कहीं बेहतर बल्ले भारतीय खिलाड़ियों के पास हैं। ऐसा लगता है कि जैसे उस पर रबड़ की कोई परत सी लगी हुई हो। मैं ये कल्पना नहीं कर सकता कि ऐसे बल्ले बनना कैसे संभव हो सकता है। खास बात से है कि इनका दूसरे खरीद तक नहीं सकते।'

राजपक्षा के इस बयान के बाद भारतीय टीम के बल्लों को लेकर सवाल उठने लगे थे। ये कहा जाने लगा कि क्या भारतीय खिलाड़ी किसी खास तरह का बल्ला या मॉडिफाइड बैट का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि इसे लेकर किसी ने भी आईसीसी से कोई आधिकारिक शिकायत नहीं दर्ज कराई है। विवाद बढ़ता देख राजपक्षा ने कहा कि उनका इरादा कोई सवाल उठाना नहीं था।

वह तो भारतीय खिलाड़ियों और वहां के क्रिकेट की प्रशंस कर रहे थे। साथ ही कि भारतीय क्रिकेट अविश्वसनीय रूप से बहुत आगे है, उसके खेल ढ़ांचे से लेकर उपकरणों की गुणवत्ता विश्व में सबसे बेहतर है।

# टी20 विश्वकप से इन तीनो टीमों का बाहर होना तय

### हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी



नई दिल्ली। अफगानिस्तान के अलावा आयरलैंड और अमेरिका की टीमें भी टी20 विश्व कप के सुपर 8 की दौड़ से बाहर होने जा रही हैं। अफगानिस्तान की टीम अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब तक अपने दोनो मैच हारी है। उसे पहले मैच में न्यूजीलैंड से और दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से बेहद करीबी मुकाबले में हार मिली है। ऐसे में अफगानिस्तान की टीम के सुपर 8 में जाने की राह बंद हो गयी है।

अफगानिस्तान के अलावा आयरलैंड और अमेरिका की टीम भी लीग स्तर में 2-2 मैच हारी है। ऐसे में इन टीमों की आगे की राह तकरीबन बंद हो गयी है। इसका कारण है कि कम से कम 3 मैच जीतने वाली टीम ही सुपर 8 में पहुंचेगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी।

ग्रुप ए में पाकिस्तान की टीम शीर्ष पर है, उसने अपने पहले दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ ही नंबर एक स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरे नंबर पर भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में अमेरिका को हराया था। नीदरलैंड की टीम तीसरे स्थान पर है। वह 2 में से एक मैच जीती है। चौथे नंबर पर नामीबिया है, जो एक मैच हारी है। ग्रुप में सबसे नीचे अमेरिका है जो पहले 2 मुकाबले हारी है।

वहीं ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर है। उसने पहले मैच में आयरलैंड को हराया था। वहीं सरे नंबर पर जिम्बाब्वे है जिसने ओमान को हराया है। तीसरे नंबर पर श्रीलंका ने आयरलैंड को हराया है। चौथे नंबर पर आयरलैंड है दोनो मैच हारी है। अंतिम स्थान पर ओमान है। वहीं ग्रुप सी में वेस्टइंडीज की टीम दो में से दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ शीर्ष पर है। स्कॉटलैंड की टीम दूसरे स्थान पर है जिसने दो में से एक मैच जीता है। इंग्लैंड तीसरे जबकि नेपाल चौथे स्थान पर नेपाल है जबकि इटली अंतिम स्थानपर है। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड शीर्ष पर है, जो 2 मैच जीत चुकी है। साउथ अफ्रीका ने भी 2 में से 2 मैच जीते हैं और टीम दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान की टीम दो मैच हारकर तीसरे पायदान पर है। चौथे स्थान पर यूएई है, जो एक मैच खेली है, लेकिन उसे हारी है। कनाडा ने भी एक मैच खेला है, जो सबसे आखिरी स्थान पर है और उस मैच को हार चुकी है।

# नामीबिया कप्तान का आरोप, हमें दुधिया रोशनी में अयास का अवसर नहीं मिला : इरास्मस



नई दिल्ली। नामीबियाई क्रिकेट टीम के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने टी20 विश्वकप के आयोजनकों पर आरोप लगाया है कि उनकी टीम को कृत्रिम (दुधिया) रोशनी में अभ्यास का अवसर नहीं दिया गया है। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने कहा है कि उन्हें भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच से पहले दूधिया रोशनी में अभ्यास का अवसर नहीं दिया गया। कप्तान के अनुसार उनकी टीम ने नीदरलैंड्स के खिलाफ दिन का मैच खेला था और अगले दो दिन उनके दोनों अभ्यास सत्र केवल दिन में ही हुए। वहीं भारतीय टीम ने मैच से पहले दो बार रात में अभ्यास किया।

नामीबिया के पास स्वदेश में दिन-रात्रि मैच में अभ्यास के लिए सुविधा नहीं है। इरास्मस ने कहा, 'हमें भारत के खिलाफ मैच से पहले रात को अभ्यास का अवसर नहीं मिला। वहीं भारतीय टीम को दो रात के सत्र दिए गए। वहीं कनाडा को भी रात का ट्रेनिंग सत्र मिलेगा।

वहीं कनाडा की टीम शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगी। उसने फिरोजशाह कोटला मैदान में भारतीय टीम के साथ अभ्यास किया। इरास्मस ने कहा, 'हमारे पास दिन-रात्रि मैच के लिए नामीबिया में दूधिया रोशनी की सुविधा नहीं है। यह हमारे लिए विशेषकर उन खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती है जिनके पास अनुभव की कमी है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नेपाल प्रीमियर लीग, आईएलटी20 और हमने जो विश्व कप खेले हैं, उन्हें छोड़कर हमारे अधिकतर खिलाडयों को दूधिया रोशनी में अभ्यास का अनुभव नहीं है।

' नामीबिया अपने पहले मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ हार गया था। अब उसे बचे हुए लीग मैच अमेरिका और पाकिस्तान से खेलने हैं। इरास्मस ने साफ कहा है कि वह इन हालातों का प्रभाव अपनी टीम के हौसले पर नहीं पड़ने देंगे।

# स्टोक्स जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से कर सकते हैं। वापसी करेंगे



लंदन। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स की सर्जरी सफल रही है और वह अब उससे उबर रहे हैं। स्टोक्स की जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होने की संभावना है। तब इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। इससे पहले वह काउंटी चैंपियनशिप में डरहम की ओर से खेलकर अपनी फिटनेस हासिल करने का प्रयास करेंगे।

स्टोक्स इस दौरान खेल से संबंध बनाये रखने के लिए कोचिंग भी करना चाहते हैं। वह अबू धाबी में पाकिस्तान शाहीन के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए मोईन अली और एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ इंग्लैंड लायंस के कोचिंग स्टाफ में भी शामिल हैं। चयनकर्ताओं के मुताबिक, फरवरी और मार्च में होने वाली इस सीरीज में तीन टी20 मैचों के लिए 17 खिलाडयों की टीम और पांच 50-ओवर के मैचों के लिए 16 खिलाडयों का ग्रुप होगा। स्टोक्स के सामने असली चुनौती टेस्ट कप्तान के रूप में इंग्लैंड के प्रदर्शन को को फिर से बेहतर बनाना है। टीम की आक्रामक बैजबॉल रणनीतिक पिछले कुछ समय में असफल रही है और उसे एशेज सहित कई बड़ी सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में 4-1 से हार के बाद स्टोक्स और मैकुलम की कप्तान-कोच की जोड़ी पर सवाल उठे थे। स्टोक्स को चोट तब लगी थी जब वह नेट्स के किनारे खड़े थे। पिछले सप्ताह उन्होंने सोशल मीडिया में कहा था कि उन्हें सर्जरी करानी है। स्टोक्स ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के दौरान एडक्टर इंजरी के कारण खेल से बाहर हो गये थे।

# बटलर ने सबसे ऊंचा कैच पकड़ने का विश्व रिकार्ड बनाया



मुम्बई । इंग्लैंड की टीम के विकेटकीपर जोस बटलर ने भारत में जारी टी20 विश्कप के दौरान सबसे ऊंचा कैच पकड़ने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इससे पहले ये रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया के टिमोथी शैनन जेबेसीलन के नाम दर्ज था। टिमोथी ने सिडनी में 19 नवंबर 2021 को 119.86 मीटर करीब 393 फीट 2.897 इंच ऊंचाई वाला कैच पकड़ा था। बटलर ने ये रिकार्ड इंग्लैंड के ही पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन की देखरेख में बनाया है।

बटलर के लिए सबसे ऊंचा कैच पकड़ना आसान नहीं था। उन्होंने करीब 60 मिनट तक इसके लिए तैयारी की थी और अंत में इसे पूरा किया। बटलर ने इसके बाद 122 मीटर ऊपर से ड्रोन से गिराए गए इस कैच को पकड़ा, ये तब लगभग 400 फीट जमीन से ऊपर था। गौरतलब है कि अभी तक किसी ने भी 120 मीटर से ऊपर का कैच नहीं पकड़ा है। बटलर को 60 मिनट इस रिकॉर्ड कैच के लिए मिले थे। 50 मीटर के कैच से उन्होंने शुरुआत की थी। पहले कुछ प्रयासों में तो उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि उनके साथ क्या हो रहा है। दगए वीडियो में बटलर केविन पीटरसन से ये कहते हुए भी नजर आए कि ये करना मुश्किल है, जबकि वर्ल्ड कप जीतना आसान है। बटलर ने ये भी कहा कि महेन्द्र सिंह धोनी और एडम गिलक्रिस्ट ने भी अब तक कभी इस प्रकार से कैच नहीं पकड़ा है।

बटलर के लिए पहले गुलाबी गेंद हवा में ड्रोन से गिराई जा रही थी, जिसे वह पकड़ नहीं पा रहे थे तो उन्होंने सफेद गेंद से कैच पकड़ने के लिए कहा। सफेद गेंद से परेशानी पैदा कर रही थी तो उन्होंने फिर से लाल गेंद ली। इसके बाद 122 मीटर की दूरी वाला कैच पकड़ लिया और नया विश्व रिकॉर्ड कायम कर दिया।

